* नबी करीम (ﷺ) ने फ़रमाया: जब कोई मुसलमान भाई की मिज़ाज पुर्सी के लिए जाता है तो वह बैठने तक जन्नत के फ़लों मे चलता है।जब वह बैठ जाता है तो रहमत उसे ढाँप लेती है। अगर सुबह का समय हो तो शाम तक सत्तर हज़ार फ़रिशते उस के लिए प्रार्थना करते रहते हैं और अगर शाम का समय हो तो सुबह तक सत्तर हज़ार फ़रिशते उस के लिए प्रार्थना करते रहते हैं । २*

*नबी करीम (ﷺ) ने फ़रमाया: क़यामत के दिन अल्लाह तआला फ़रमाएगा-अए इब्ने आदम! मै बीमार हुआ तू ने मेरी मिज़ाज पुर्सी कयों नहीं की? वह कहेगा अए मेरे रब! मै तेरी मिज़ाज पुर्सी कैसे करता तू तो संसार का रब-उल-आलमीन है- अल्लाह तआला फ़रमाएगा: क्या तुझे मालूम ना था के मेरा फ़ुलाँ बन्दा बिमार है?लेकिन तू ने उसकी मिज़ाज पुर्सी नहीं की क्या तुझे मालूम न था अगर तू उस रोगी की मिज़ाज पुर्सी करता तो मुझे उसके पास पाता-*३

१.اَللّٰهُمَّ اشْفِهِ या اَللّٰهُمَّ عَافِهِ

१.अए अल्लाह इस को अफ़ियत दे या अए अल्लाह! इस को शिफ़ा/चिकित्सा दे !

२.لَا بَأْسَ طَهُوْرٌ اِنْ شَاءَ اللّٰهُ

२.कोई हरज नहीं,अल्लाह ने चाहा तो (यह रोग,पापों से)पाक/शुद्ध करने वाली है !

© ALHUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

*** रोग से दूरी के लिए**

३.اَسْاَلُ اللّٰهِ الْعَظِيْمَ رَبِّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ اَنْ يَشْفِيَكَ

३.मै बड़ाई वाले अल्लाह से,अर्श-ए-अज़ीम के रब से सवाल करता हूँ के वह तुझे शिफ़ा/चिकित्सा दे ।

***बिमार पर दायाँ हाथ फ़ेरते हुए पढ़े- ख़ुद को भी फ़ूँक सकते हैं।**

४.اَذْهِبِ الْبَاْسَ رَبَّ النَّاسِ وَاشْفِ اَنْتَ الشَّافِيْ لَا شِفَاءَ اِلَّا شِفَاؤُكَ

شِفَاءًلَا يُغَادِرُ سَقَمًا

४.अए लोगों के रब! कष्ट को दूर दे, कर और शिफ़ा दे, तू ही शिफ़ा देने वाला, तेरी शिफ़ा के सिवा कोई शिफ़ा नहीं, एसी शिफ़ा जो मेरे रोग को बाक़ी ना छोड़ें ।

मुसीबत ज़दा और बीमार को देख कर

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِىْ عَافَانِىْ مِمَّا ابْتَلَاكَ بِهٖ وَ فَضَّلَنِىْ عَلٰى كَثِيْرٍ مِمَّنْ خَلَقَ تَفْضِيْلًا

सब तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिसने मुझे उस से आफ़ीयत दी जिसमें तुझे मुब्तिला/पीड़ित किया और मुझे अपनी बहुत सी मख़लूक़ पर फ़ज़ीलत अता की!

मुसीबत और ग़म कि ख़बर सुनने पर

اِنَّا لِلّٰهِ وَ اِنَّا اِلَيْهِ رَاجِعُوْنَ، اَللّٰهُمَّ اْجُرْنِىْ فِىْ مُصِيْبَتِىْ وَ اَخْلِفْ لِىْ خَيْرًا مِّنْهَا

बेशक!हम सब अल्लाह के लिए हैं और हम सब अल्लाह कि तरफ़ लौट कर जाने वाले हैं,ए अल्लाह!मुझे मेरी मसीबत के इवज़/ बदले अज्र दे और मुझे उस से बेहतर अता फ़रमा !

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

मय्यत की क्षमा के लिए प्रार्थनाएँ

१.اَللّٰهُمَّ عَبْدُكَ وَ ابْنُ اَمَتِكَ، اِحْتَاجَ اِلَى رَحْمَتِكَ وَ اَنْتَ غَنِيٌّ عَنْ عَذَابِهٖ اِنْ كَانَ مُحْسِنًا فَزِدْ فِيْ اِحْسَانِهٖ وَ اِنْ كَانَ مُسِيْئًا فَتَجَاوَزْ عَنْهُ

१.ए अल्लाह ! यह तेरा बन्दा और तेरी बन्दी का बेटा,तेरी रहमत/कृपा का मोहताज है और तू इस के अज़ाब से बेपरवाह है। अगर यह नेक था तो इस की नेकीयों को ज़्यादा कर और अगर यह बुरा था तो इसे माफ़ कर दे ।

२.اَللّٰهُمَّ اِنَّ فُلَانَ بْنَ فُلَانٍ فِيْ ذِمَّتِكَ وَ حَبْلِ جِوَارِكَ فَقِهِ مِنْ فِتْنَةِ الْقَبْرِ وَ عَذَابِ النَّارِ وَ اَنْتَ اَهْلُ الْوَفَاءِ وَ الْحَقِّ اَللّٰهُمَّ فَاغْفِرْ لَهُ وَ ارْحَمْهُ اِنَّكَ اَنْتَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ

२.अए अल्लाह! निसंदेह फुलांन इब्न फुलांन तेरे ज़िम्मे और तेरी पनाह में है। तो उसे क़बर की कठिनाइयों और आग के अज़ाब से बचा और तू वफ़ा और हक़ के क़ाबिल है।अए अल्लाह बस इसे क्षमा कर और इस पर कृपा कर बेशक तू ही क्षमा करने वाला और अत्यन्त दयावान है।

३.اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِحَيِّنَا وَ مَيِّتِنَا وَ شَاهِدِنَا وَ غَائِبِنَا وَ صَغِيْرِنَا وَ كَبِيْرِنَا وَ ذَكَرِنَا وَ اُنْثَانَا، اَللّٰهُمَّ مَنْ اَحْيَيْتَهُ مِنَّا فَاَحْيِهِ عَلَى الْاِسْلَامِ وَ مَنْ تَوَفَّيْتَهُ مِنَّا فَتَوَفَّهُ عَلَى الْاِيْمَانِ

३.ए अल्लाह! हमारे ज़िन्दा-मुरदा,हाज़िर-ग़ायब,छोटे-बडे, मर्दों और औरतों को क्षमा करदे।ए अल्लाह! हम मे से जिस को तू जीवित रखे बस उसको इस्लाम पर जीवित रख और जिस को तू मृत्यु दे तो उसको ईमान पर मृत्यु देना !

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

٤.اَللّٰهُمَّ اغْفِرْ لِهُ وَ ارْحَمْهُ وَ اعْفُ عَنْهُ وَ اَكْرِمْ نُزُلَهُ وَ وَسِّعْ مُدْخَلَهُ وَ اغْسِلْهُ بِالْمَاءِ وَ الثَّلْجِ وَ الْبَرَدِ وَ نَقِّهِ مِنَ الْخَطَايَا كَمَا نَقَّيْتَ الثَّوْبَ الْاَبْيَضَ مِنَ الدَّنَسِ وَ اَبْدِلْهُ دَارًا خَيْرًا مِنْ دَارِهِ وَ اَهْلًا خَيْرًا مِنْ اَهْلِهِ وَ زَوْجًا خَيْرًا مِنْ زَوْجِهِ وَ اَدْخِلْهُ الْجَنَّةَ وَاَعِذْهُ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ و َ مِنْ عَذَابِ النَّار

४.ए अल्लाह! इसको क्षमा कर और इस पर कृपा कर और इसके पापों को अन्देखा कर के उसे माफ़ कर दे. और इस की अच्छी महमानी कर और इस के दाख़िल होने के स्थान को चौड़ा करदे और उसे पानी,बर्फ़ और ओलों से धो ड़ाल और उसे गल्तियों से इस तरह साफ़ करदे जैसे सफ़ेद कपड़ा मैल कुचैल से साफ़ किया जाता है और उसे उसके इस घर से बहुत अच्छा घर और इस के घर वालों से बहुत अच्छे घर वाले और इस साथी से बहुत अच्छा साथी दे और उसे स्वर्ग में दाख़िल कर दे और उसे अज़ाब-ए-क़बर और आग के अज़ाब से बचाले।

बच्चे की मय्यत लिए प्रार्थना

१.اَللّٰهُمَّ اَعِذْهُ مِنْ عَذَابِ الْقَبْر

१.ए अल्लाह! इस को क़बर के अज़ाब से बचा।

२. اَللّٰهُمَّ اجْعَلْهُ لَنَا سَلَفًا وَ فَرَطًا وَ اَجْرًا

२.ए अल्लाह! इसे हमारे लिए पहले जा कर मेहमानी तैयार करने वाला-आगे चलने वाला और ईनाम दिलाने वाला बनादे।

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

गुनाहों की बख़शिश के लिए

इस्तिगफ़ारात

- अपने गुनाहों की क्षमा माँगने और ख़ूब इस्तिगफ़ार करने से ख़ैर और भलाई के दरवाज़े खुलते हैं । अल्लाह तआला फ़रमाते हैं :

فَقُلْتُ اسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُم اِنَّهُ كَانَ غَفَّارًا o يُّرْسِلِ السَّمَآءَ عَلَيْكُمْ مِدْرَارًا o وَّ يُمْدِدْكُمْ بِاَمْوَالٍ وَ بَنِيْنَ وَ يَجْعَلْ لَّكُمْ جَنّٰتٍ وَّ يَجْعَلْ لَّكُمْ اَنْهٰرًا *١

तो मैं (नूह) ने कहा : अपने रब से क्षमा माँगो निश्चय है वह बड़ा क्षमाशील है। वह तुम पर आसमान को ख़ूब बरसाता हुआ भेजेगा और वह माल और बेटों से तुम्हारी मदद करेगा, और तुम्हारे लिए बाग़ पैदा करेगा और तुम्हारे लिए नेहरें प्रावाहि करेगा!

रसूल अल्लाह(ﷺ) ने फ़रमाया :

مَنْ اَكْثَرَ مِنْ اَلِاسْتِغْفَارِ جَعَلَ اللهُ لَهُ مِنْ كُلِّ هَمٍّ فَرَجاً وَ مِنْ كُلِّ ضَيْقٍ مَخْرَجاً وَ رَزَقَهُ مِنْ حَيْثُ لاَ يَحْتَسِبُ * ٢

जो ख़ूब इस्तिगफ़ार करता है अल्लाह तआला उस के लिए हर दुख और तंगी से निकलने का रासता बना देता है और उस को वहाँ से रिज़्क़ देता है जहाँ से वह कल्पना भी नहीं कर सकता ।

हर नामाज़ के बाद ३ बार

١.اَسْتَغْفِرُ الله १.मैं अल्लाह से क्षमा माँगता हूँ

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

रुकुअ और सजदे में

२.سُبْحَانَكَ اللّٰهُمَّ رَبَّنَا وَ بِحَمْدِكَ اللّٰهُمَّ اغْفِرْلِیْ

२.पाक है तू ऐ अल्लाह, ऐ हमारे रब! और हर प्रकार की तारीफ़ तेरे ही लिए है ऐ अल्लाह! मुझे बख़्श दे या माफ़ कर दे ।

सजदे में

३. اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِیْ ذَنْبِیْ كُلَّهُ دِقَّهُ وَجِلَّهُ وَ اَوَّلَهُ وَ آخِرَهُ وَ عَلاَنِيَتَهُ وَ سِرَّهُ

३.ऐ अल्लाह! मेरे थोड़े और ज़्यादा, अगले और पिछले,और स्पष्ट/ज़ाहिर और पोशीदा /छुपे हुए सब गुनाह बख़्श दे या माफ़ कर दे ।

नामाज़ के(आख़री) अंतिम तशह्हूद में

४.اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ ظَلَمْتُ نَفْسِیْ ظُلْمًا كَثِيْرًا وَ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوْبَ اِلَّا اَنْتَ فَاغْفِرْ لِی مَغْفِرَةً عِنْدِكَ وَ ارْحَمْنِیْ اِنَّكَ اَنْتَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ

४.ऐ अल्लाह! बेशक मैं ने अपनी जान पर बहुत ज़्यादा ज़ुल्म किया और तेरे सिवा कोई अन्य गुनाहों को क्षमा नहीं कर सकता ।इस लिए मुझे माफ़ कर दे ।बख़्शीश/ माफ़ी अपनी तरफ़ से, और मुझ पर रहम दया कर, नि:सन्देह तू बहुत माफ़ करने वाला है बहुत आधिक रहम/दया करने वाला है ।

मज्लिस / बैठक के समाप्ति पर परिशुद्धि के लिए:

५.سُبْحَانَكَ اَللّٰهُمَّ وَ بِحَمْدِكَ، اَشْهَدُ اَنْ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ، اَسْتَغْفِرُكَ وَ اَتُوْبُ اِلَيْكَ عَمِلْتُ سُوْءًا وَ ظَلَمْتُ نَفْسِیْ، فَاغْفِرْ لِیْ، فَاِنَّهُ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوْبِ اِلَّا اَنْتَ

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

५ .पाक है तू ऐ अल्लाह! और तेरे लिए हर प्रकार कि तारीफ़ है । मैं गवाही देता हूँ के तेरे सिवा कोई इबाद्त के लायक़ नहीं, मैं क्षमा चाहता हूँ तुझ से और तुझ से तौबा करता हूँ । मैं ने बुरे कर्म किए और मैं ने अपनी जान पर ज़ुल्म किया, इस लिए मुझे बख़्श दे/माफ़ कर दे ,बेशक तेरे सिवा कोई गुनाहों को नहीं बख़्श/माफ़ कर सकता ।

और दूसरे इस्तिगफ़ारात

٦.سُبْحَانَكَ وَ بِحَمْدِكَ اَسْتَغْفِرُكَ وَ اَتُوْبُ اِلَيكَ

६.पाक है तू और तेरी ही तारीफ़/प्रशंसा है, मैं तुझ से क्षमा चाहता हूँ और मैं तुझ से तौबा करता हूँ ।

٧.رَبِّ اغْفِرْلِیْ وَ تُبْ عَلَیَّ اِنَّكَ اَنْتَ التَّوَّابُ الرَّحِيْم

७.ऐ मेरे रब !मुझे बख़्श/ माफ़ कर दे और मुझ पर दयालू_परोपकारी हो जा, बेशक तू ही बहुत तौबा स्वीकार करने वाला, बहुत आधिक रहम/दया करने वाला है!

٨. اَسْتَغْفِرُ اللهَ الَّذِی لاَ اِلٰهَ اِلاَّ هُوَ الْحَیُّ الْقَیُّوْمُ وَ اَتُوْبُ اِلَيْهِ

८.मैं क्षमा चाहता हूँ अल्लाह से जिस के सिवा कोई इबाद्त के लायक़ नहीं,जीवित, प्रतिष्ठित स्थापित रेहने वाला है और मैं उस की तरफ़ तौबा करता हूँ ।

٩ .اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِیْ ذَنْبِی وَ وَسِّعْ لِیْ فِیْ دَارِیْ وَ بَارِكْ لِیْ فِیْ رِزْقِیْ

९.ऐ अल्लाह! मेरे गुनाह (बख़्श) माफ़ कर दे, मेरे घर में विस्तार (वुस्अत) कर और मेरे रिज़्क़ में बरकत कर ।

١٠ .اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِیْ ذَنْبِی وَ اَخْسَاْ شَيْطَانِیْ وَ فُكَّ رِهَانِیْ وَ ثَقِّلْ مِيْزَانِیْ وَاجْعَلْنِیْ فِیْ النَّدِیِّ الاَعْلٰی

© ALHUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

१०.ऐ अल्लाह! मुझे बख़्श/माफ़ कर दे, मेरे शैतान को भगा दे, मेरी जान को (आग से) आज़ाद कर दे, मेरे मीज़ान/ तराज़ू को भारी कर दे और मुझे उच्च मज्लिस बरकत वालों में शामिल कर दे ।

११.اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِیْ خَطِیْئَتِیْ وَ جَهْلِیْ وَ اِسْرَافِیْ فِیْ اَمْرِیْ وَ مَا اَنْتَ اَعْلَمُ بِهٖ مِنِّیْ، اللّٰهُمَّ اغْفِرْلِیْ هَزْلِیْ وَ جِدِّیْ وَّ خَطَئِیْ وَ عَمْدِیْ وَ كُلُّ ذٰلِكَ عِنْدِیْ

११.ऐ अल्लाह! माफ़ कर दे मेरा दोष, मेरी जहालत, मेरे काम में मेरी ज़्यादती और वह जिस के बारे में तू मुझ से ज़्यादा जानता है, ऐ अल्लाह! हँसी मज़ाक में, गंभीरता में, भूल कर और जान बूझकर किए हुए मेरे गुनाह बख़्श दे और ये सब मेरे अंदर है ।

१२.اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِیْ مَا قَدَّمْتُ وَ مَا اَخَّرْتُ وَ مَا اَسْرَرْتُ وَ مَا اَعْلَنْتُ وَ مَا اَسْرَفْتُ وَ مَا اَنْتَ اَعْلَمُ بِهٖ مِنِّیْ، اَنْتَ الْمُقَدِّمُ وَ اَنْتَ الْمُؤَخِّرُ، لاَ اِلٰهَ اِلاَّ اَنْتَ

१२.ऐ अल्लाह! मेरे लिए बख़्श दे जो मैंन पेहले किया और जो मैंने बाद में किया, जो मैंने छ्पाया और जो मैंने प्रकट किया, जो मैंने सीमा पार की और वह जो तू मुझ से ज़्यादा जानता है ।तू सब से पहला और सब से आख़री है, तेरे सिवा कोई इबादत के लायक़ नहीं ।

१३. اَللّٰهُمَّ اَنْتَ رَبِّیْ، لاَ اِلٰهَ اِلاَّ اَنْتَ، خَلَقْتَنِیْ وَ اَنَا عَبْدُكَ وَ اَنَا عَلٰی عَهْدِكَ وَ وَعْدِكَ مَا اسْتَطَعْتُ، اَعُوْذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا صَنَعْتُ، اَبُوْءُ لَكَ بِنِعْمَتِكَ عَلَیَّ وَ اَبُوْءُ بِذَنْبِی فَاغْفِرْلِیْ اِنَّهُ لاَ یَغْفِرُ الذُّنُوْبَ اِلاَّ اَنْتَ

१३.ऐ अल्लाह! तू ही मेरा रब है, तेरे सिवा कोई इबाद्त के लायक़ नहीं, तू ने मुझे जन्म अस्तित्व दिया और मैं तेरा दास ग़ुलाम हूँ और मैं अपनी क्षमता के अनुसार तुझ से किए हुए प्रण और वादे पर प्रतिष्ठित या स्थापित हूँ, मैं तेरी पनाह /शरण

© AL HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

चाहता हूँ हर बुराई से जो मैंने की, मैं अपने ऊपर तेरी आदान प्रदान किये हुए नेअमतो /वरदानो को स्वीकार करता हूँ और अपने गुनाहों/ पापों को स्वीकार करता हूँ, इस लिए मुझे बख़्श/माफ़ कर दे, वास्तव में तेरे सिवा कोई गुनाहों/पापों को बख़्श/माफ़ नहीं कर सकता ।

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

रंज व दुख के अज़ाले (दूर करने) के लिए

१.اِنَّمَآ اَشْكُوْا بَثِّیْ وَ حُزْنِیْٓ اِلَی اللّٰهِ

१.बेशक मैं अपनी बेक़रारी और दुख का शिकवा अल्लाह ही से करता हूँ।

२.اَللّٰهُ اَللّٰهُ رَبِّیْ لَا اُشْرِكُ بِهٖ شَیْئًا

२.अल्लाह, अल्लाह ही मेरा रब है, मैं उस के साथ किसी को शरीक नहीं करता।

३.لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ سُبْحَانَكَ ۖ اِنِّیْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِیْنَ

३.तेरे सिवा कोई मअबूद/खुदा नहीं, पाक है तू,बशक मैं ही ज़ालिमों में से हूँ ।

४.اَللّٰهُمَّ لَا سَهْلَ اِلَّا مَا جَعَلْتَهُ سَهْلًا وَّ اَنْتَ تَجْعَلُ الْحَزْنَ سَهْلًا اِذَا شِئْتَ

४.ऐ अल्लाह! कोई काम आसान नहीं मगर जिसे तू आसान करदे और तू चाहता है तो मुश्किल को आसान कर देता है ।

५.اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُ بِكَ مِنَ الْهَمِّ وَ الْحَزَنِ وَ الْعَجْزِ وَ الْكَسَلِ وَ الْجُبْنِ وَ الْبُخْلِ وَ ضَلَعِ الدَّیْنِ وَ غَلَبَةِ الرِّجَالِ

५.ऐ अल्लाह! मैं आप कि पनाह/शरण चाहता हूँ चिंता व दुख से और कमज़ोरी व सुस्ती से और बुज़दिली/कायरता से और कर्ज़/उधार के बोझ और लोगों के कठोर ग़लबे से ।

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

٦.اَللّٰهُمَّ رَحْمَتَكَ اَرْجُوْ فَلَا تَكِلْنِیْ اِلٰی نَفْسِیْ طَرْفَةَ عَیْنٍ وَّ اَصْلِحْ لِیْ شَاْنِیْ كُلَّهُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ

६.ऐ अल्लाह! मैं तेरी रहमत/क्रपा का उम्मीदवार हूँ इसलिए एक पल के लिए भी मुझे मेरे नफ़्स के हवाले न कर और मेरे सब हालात सँवार दे और तेरे सिवा कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं।

७.لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ الْعَظِیْمُ الْحَلِیْمُ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِیْمِ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَ رَبُّ الْاَرْضِ وَ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِیْمُ

७.अल्लाह के सिवा कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं, जो बहुत बड़ा बहुत सहनशील है,अल्लाह के सिवा कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं जो महान अर्श का रब है,अल्लाह के सिवा कोई मअबूद/खुदा नहीं, जो आसमानों और ज़मीन का रब है और अर्श-ए-करीम का रब है।

८.اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ عَبْدُكَ، ابْنُ عَبْدِكَ، ابْنُ اَمَتِكَ، نَاصِیَتِیْ بِیَدِكَ، مَاضٍ فِیَّ حُكْمُكَ، عَدْلٌ فِیَّ قَضَاؤُكَ، اَسْئَلُكَ بِكُلِّ اسْمٍ هُوَلَكَ، سَمَّیْتَ بِهِ نَفْسَكَ اَوْ عَلَّمْتَهُ اَحَدًا مِّنْ خَلْقِكَ اَوْ اَنْزَلْتَهُ فِیْ كِتَابِكَ اَ وِ سْتَاْثَرْتَ بِهِ فِیْ عِلْمِ الْغَیْبِ عِنْدَكَ اَنْ تَجْعَلَ الْقُرْآنَ رَبِیْعَ قَلْبِیْ وَ نُوْرَ صَدْرِیْ وَ جَلَاءَ حُزْنِیْ وَ ذَهَابَ هَمِّیْ

८.ऐ अल्लाह! बेशक मैं तेरा बंदा/दास और तेरे बंदे का बेटा और तेरी बंदी का बेटा हूँ, मेरा माथा तेरे नियंत्रण में है, मेरे हक/पक्ष में तेरा आदेश जारी है, तेरा फ़ैसला/निर्णय मेरे बारे में इंसाफ़/ न्याय पर निर्भर/मबनी है, मैं सवाल करता हूँ तेरे हर उस नाम के साथ जो तूने अपने लिए रखा या तूने अपनी मख़लूक़/जगत में से किसी को सिखाया या तूने अपनी किताब में उतारा या तूने उसे अपने पास इल्मे ग़ैब में रखने को तरजीह/अधिमान दी के तू क़ुरआन को मेरे दिल की बहार और

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

सिने का नूर और मेरे दुख को दूर करने वाला और मेरी चिंता को ले जाने वाला बना दे ।

* दुखों कि दूरी और गुनाहों कि क्षमा के लिए नबी (ﷺ) पर खुब दरुद भेजें ।

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

स्वीकारित प्रार्थना / मक़बूल दुआऐं

निचे लिखे हुए अज़कार के साथ जो दुआ करे / प्रार्थना माँगी जाए वह स्वीकार / क़ुबूल होती है ।

١. سُبْحَانَ اللهِ وَ الْحَمْدُ لِلّٰهِ وَ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَ اللّٰهُ اَكْبَر

१.अल्लाह पाक है, संपूर्ण प्रशंसा/हर प्रकार की तारीफ़ अल्लाह ही के लिये है,अल्लाह के अतिरिक्त कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं है और अल्लाह सब से बड़ा है!

٢. لَآ اِلٰهَ اِلَّآ اَنْتَ سُبْحَانَكَ اِنِّیْ كُنْتُ مِنَ الظّٰلِمِیْنَ

२.तेरे सिवा कोई मअबूद/खुदा नहीं, पाक है तू,बेशक मैं ही ज़ालिमों में से हूँ ।

٣.يَا حَیُّ يَا قَيُّوْمُ بِرَحْمَتِكَ اَسْتَغِيْثُ

३.ऐ ज़िन्दा और क़ायम रहने वाले! मैं तेरी रहमत के साथ मदद माँगता हूँ!

٤. يَا بَدِيْعَ السَّمٰوٰتِ يَا حَیُّ يَا قَيُّوْمُ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ

४.ऐ आसमानों को नए सिरे से बानाने वाले! ऐ ज़िन्दा रहने वाले! ऐ क़ायम रखने वाले! बेशक मैं आप से सवाल करता हूँ ।

٥. اَللّٰهُمَّ اَنْتَ خَلَقْتَنِیْ وَ اَنْتَ تَهْدِيْنِیْ وَ اَنْتَ تُطْعِمُنِیْ وَ اَنْتَ تَسْقِيْنِیْ وَ اَنْتَ تُمِيْتُنِیْ وَ اَنْتَ تُحْيِيْنِیْ

५.ऐ अल्लाह! तू ने मुझे पैदा किया और तू मुझे हिदायत देता है और तू ही मुझे

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

खिलाता है और मुझे पिलाता है और तू ही मुझे मौत देता है और तू ही मुझे जीवन/ज़िंदगी देता है !

٦.اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ بِاَنِّی اَشْهَدُ اَنَّكَ اَنْتَ اللّٰهُ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ الْاَحَدُ الصَّمَدُ الَّذِی لَمْ وَ لَمْ یُوْلَدْ وَ لَمْ یَكُنْ لَهٗ كُفُوًا اَحَدٌ یَلِدْ

६.ऐ अल्लाह! मैं तुझ से सवाल करता हूँ क्योंकि मैं गवाही देता हूँ के बेशक तू ही अल्लाह है, तेरे सिवा कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं, तू अकेला, बेनियाज़/निर्लोभ है, जिसने न किसी को जना और न किसी से जना गया है और न ही उसका कोई समकक्ष/हमसफ़र है ।

٧.اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْئَلُكَ بِاَنَّ لَكَ الْحَمْدَ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ الْمَنَّانُ بَدِیْعُ السَّمٰوٰتِ وَ الْاَرْضِ، یَاذَاالْجَلَالِ وَ الْاِكْرَامِ یَاحَیُّ یَاقَیُّوْم

७.ऐ अल्लाह! बेशक मैं तुझ से सवाल करता हूँ इस कारण से के सब तारीफ़ तेरे ही लिए है,तेरे सिवा कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं, बहुत एहसान करनेवाला,आसमानों और ज़मीन को नए सिरे से बनाने वाला, ऐ बुज़ुर्गी तथा इज़्ज़त वाले, ऐ ज़िन्दा और क़ायम रखने वाले !

٨.لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ الْحَلِیْمُ الْكَرِیْمُ، سُبْحَانَ اللّٰهِ وَ تَبَارَكَ اللّٰهُ، رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِیْمِ وَ الْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِیْنَ

८.अल्लाह के अतिरिक्त कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं, बहुत बुर्दबार बहुत इज़्ज़त वाला है, अल्लाह पाक है और बहुत बरकतों वाला है, महान राजासन का स्वामी है और प्रशंसा अल्लाह ही के लिए है जो सारे संसार क रब है।

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

٩.لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ الْعَظِيْمُ الْحَلِيْمُ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ
رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَ رَبُّ الْاَرْضِ وَ رَبُّ الْعَرْشِ الْكَرِيْمِ

९.अल्लाह के अतिरिक्त कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं, जो बहुत बड़ा बहुत बुर्दबार है,अल्लाह के अतिरिक्त कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं जो महान राजासन का स्वामी है, अल्लाह के अतिरिक्त कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं जो आसमानों तथा ज़मीन का रब है और अर्श-ए-करीम/ महिमाशाली सिंहासन का रब है ।

١٠.لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيْكَ لَهُ، لَهُ الْمُلْكُ وَ لَهُ الْحَمْدُ وَ هُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ
قَدِيْرٌ، اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ وَ سُبْحَانَ اللّٰهِ وَ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَ اللّٰهُ اَكْبَرُ وَ لَا قُوَّةَ اِلَّا بِاللّٰهُ
اَللّٰهُمَّ اغْفِرْلِيْ

१०.अल्लाह के अतिरिक्त कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं, वह अकेला है उस का कोई शरीक नहीं, उसी के लिए बादशाहत है, उसी के लिए हर प्रकार की प्रशंसा है और वह हर चीज़ पर क़ादिर है।सारी प्रशसा अल्लाह ही के लिए है और अल्लाह तआला हर दोष से पाक है, अल्लाह के अतिरिक्त कोई मअबूद/ख़ुदा नहीं, अल्लाह तआला बहुत बड़ा है और अल्लाह की तौफ़ीक/उत्साह के बिना गुनाह छोड़ने की ताक़त और नेकी/अच्छे कर्म करन की ताक़त नहीं है।ऐ अल्लाह मुझे बख़्श दे।

١١.يَاوَدُوْدُ، يَا ذَاالْعَرْشِ الْمَجِيْدِ، يَا فَعَّالُ لِّمَا تُرِيْدُ، اَسْئَلُكَ بِعِزِّكَ الَّذِىْ لَا يُرَامُ وَ
بِمُلْكِكَ الَّذِىْ لَا يُضَامُ وَ بِنُوْرِكَ الَّذِىْ مَلَأَ اَرْكَانَ عَرْشِكَ اَنْ تَكْفِيَنِىْ شَرَّ كَذَا وَ
كَذَا يَا مُغِيْثُ اَغِثْنِىْ، يَا مُغِيْثُ اَغِثْنِىْ، يَا مُغِيْثُ اَغِثْنِىْ

११ .ऐ बहुत प्रेम करनेवाला! ऐ शानदार अर्श/सिंहासन के मालिक!बड़े गौरवशाली! ऐ जो चाहे उसे कर डालने वाले! मैं तुझ से सवाल करता हूँ । तेरी इज़्ज़त का वासता

दे कर जिसे कोई छेड़ नहीं सकता, तेरी मिल्क्यत/स्वामित्र का वास्ता दे कर जिस मैं कोई मज़ाहम/ दख़ल अंदाज़ नहीं हो सकता और तेरे नूर का वास्ता दे कर जिस से तेरे अर्श/ सिंहासन का चारों ओर भरा हुआ है, इस शर/बुराई से मुझे बचाले । ऐ फ़रयाद रस/ सुनने वाले प्रार्थना को! मेरी मदद कर, ऐ फ़रयाद रस /सुनने वाले प्रार्थना को! मेरी मदद कर, ऐ फ़रयाद रस/सुनने वाले प्रार्थना को! मेरी मदद कर !

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

दुआ-ए-इस्तिख़ारा

اَللّٰھُمَّ اِنِّیْ اَسْتَخِیْرُکَ بِعِلْمِکَ وَاَسْتَقْدِرُکَ بِقُدْرَتِکَ وَ اَسْأَلُکَ مِنْ فَضْلِکَ الْعَظِیْمِ، فَاِنَّکَ تَقْدِرُوَلَا اَقْدِرُ وَتَعْلَمُ وَلَا اَعْلَمُ وَاَنْتَ عَلَّامُ الْغُیُوْبِ، اَللّٰھُمَّ اِنْ کُنْتَ تَعْلَمُ اَنَّ ھٰذَا الْاَمْرَخَیْرٌلِیْ فِیْ دِیْنِیْ وَمَعَاشِیْ وَعَاقِبَةِ اَمْرِیْ، فَاقْدُرْهُ لِیْ وَ یَسِّرْهُ لِیْ،ثُمَّ بَارِکْ لِیْ فِیْهِ وَاِنْ کُنْتُ تَعْلَمُ ھٰذَا الْاَمْرَ شَرٌّ لِّیْ فِیْ دِیْنِیْ وَ مَعَاشِیْ وَ عَاقِبَةِ اَمْرِیْ، فَاصْرِفْهُ عَنِّیْ وَ اصْرِفْهُ عَنِّیْ وَ اصْرِفْنِیْ عَنْهُ وَ اقْدُرْ لِیَ الْخَیْرَ حَیْثُ کَانَ ثُمَّ اَرْضِنِیْ بِهِ

ए अल्लाह बेशक/निसंदेह! मैं तुझ से तेरे इल्म/ज्ञान के ज़रिए खैर/भलाई तलब करता हूँ और तेरी क़ुदरत/श्रमता कि माध्यम तुझ से ताक़त माँगता हूँ!और तेरे फ़ज़ले अज़ीम का तलबगार/ख़ाहिश मन्द हूँ के बेशक तू ही क़ुदरत/श्रमता रखता है और मुझे कोई क़ुदरत/श्रमता नहीं- इल्म तुझी को है और मै कुछ नहीं जानता और तू संपूर्ण पोशीदा/गुप्त बातों को जानने वाला है-ए अल्लाह!अगर तू जानता है के यह काम (जिस के लिए इस्तिख़ारा किया जा रहा है) मेरे दीन,मआश/रोज़ी और मेरे काम के अंजाम के ऐतबार/यक़ीन से मेरे लिए बेहतर है तो उसे मेरे लिए मुक़द्दर/भाग्य में कर दे और उसको मेरे लिए असान कर दे,फिर मुझे उसमे बरकत अता कर और अगर तू जानता है के यह काम मेरे दीन,मआश/रोज़ी और मेरे काम के अंजाम के ऐतबार/यक़ीन से बुरा है तो उसे मुझ से दूर कर दे और मुझे भी उससे हिटा दे,फिर मेरे लिए ख़ैर मुक़द्दर फ़रमा दे,जहाँ भी हो और उस पर मेरे दिल को मुत्मइन/संतुष्ट कर दे !

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

प्रार्थनाओं का अजर और हदीस (प्रशंसा और तस्बीह)

हज़रत फ़ज़ला बिन उबैद (र.ज़) कहते हैं के एक दिन रसूल अल्लाह (ﷺ) हमारे पास बैठे थे के एक आदमी आया (मस्जिद में),नमाज़ पढ़ी और प्रार्थना करने लगा-अए अल्लाह मुझे क्षमा कर,मुझ पर क्रिपा कर-आप (ﷺ) ने कहा: अए नमाज़ी तू ने (प्रार्थना करने में) जल्दी की-जब तुम नमाज़ पढ़लो और प्रार्थना के लिए बैठो तो अल्लाह के क़ाबिल प्रशंसा और तस्बीह करो फ़िर मुझ पर दरुद भेजो फ़िर अपने लिए प्रार्थना करो-फ़ज़ला बिन उबैद(र.ज़) कहते हैं के एक दूसरे आदमी ने नमाज़ पड़ी और (उस्के बाद) अल्लाह की प्रशंसा और तस्बीह की,नबी (ﷺ) पर दरूद भेजा तो रसूल अल्लाह (ﷺ) ने कहा:अए नमाज़ी प्रार्थना कर तरी प्रार्थना क़ुबूल होगी (तिरमेज़ी :३४७६)

१. हज़रत अबुहुरेरह(र.ज़) से रिवायत है रसूल अल्लाह (ﷺ) ने कहा:दो कलमें हैं जो ज़बान पर हल्के हैं (क़यामत के दिन) वज़न में भारी होंगे और रहमान को पसंद हैं!سُبْحَانَ اللهِ وَ بِحَمْدِهِ سُبْحَانَ اللهِ الْعَظِيْمِ(सही मुस्लिम:६८४६)

२.हज़रत इब्ने उमर से रिवायत है के हम रसूल अल्लाह (ﷺ) के साथ नमाज़ पढ़ते थे के हम मे से एक आदमी ने कहा; وَ سُبْحَانَ اللهِ اَ للهُ اَكْبَرُ كَبِيْرًا وَ الْحَمْدُ لِلهِ كَثِيْرًا ا بُكْرَةً وَّ اَصِيْلًا रसूल अल्लाह (ﷺ) ने पूछा: किस ने ये कल्मे कहे ? तो एक आदमी ने बोला मै ने कहा या रसूल अल्लाह (ﷺ) तब आप (ﷺ) ने कहा मुझे आश्चर्य हुआ जब इस के लिए आकाशों के दरवाज़े खोले गए -हज़रत इब्ने उमर(र.ज़) कहते हैं जब मै ने यह बात सुनी तो कभी इन कलिमात को नहीं छोड़ा- (सही मुस्लिम:१३५८)

दरूद शरीफ़

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

१ .हज़रत ज़ेद बिन खारजा(र.ज़) से रिवायत है मैं ने रसूल अल्लाह (ﷺ) से पुछा आप (ﷺ) ने कहा: मेरे ऊपर दरूद भेजो और प्रार्थना मै कोशिश करो और कहो! اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى آلِ مُحَمَّدٍ(सुनन निसाइ :१२९३)

२. हज़रत अबु सईद ख़ुदरी ने बताया हम ने रसूल अल्लाह (ﷺ) से पुछा:अए अल्लाह के रसूल (ﷺ) आप पर सलाम तो इस तरह किया जाता है लेकिन दरूद किस तरह भेजा जाए? आप (ﷺ) ने कहा:इस तरह कहो

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدٍ عَبْدِكَ وَ رَسُوْلِكَ كَمَا صَلَّيْتَ عَلٰى اِبْرَاهِيْمَ وَ بَارِكْ عَلٰى مُحَمَّدٍ وَّ عَلٰى آلِ مُحَمَّدٍ كَمَا بَارَكْتَ عَلٰى اِبْرَاهِيْمَ وَ آلِ اِبْرَاهِيْمَ(सहीह बु.खारी:६३५८)

सुबह और शाम की प्रार्थनाएँ

हज़रत अन्स(र.ज़) ने बताया के रसूल अल्लाह (ﷺ)ने कहा:मुझे उन लोगों के साथ बैठना हज़रत इस्माईल (अ.स) की सतान मे से चार गुलामों को आज़ाद करने से ज़्यादा पसंद है जो नमाज़े फ़जर से सूरज निकलने तक अल्लाह का ज़िक्र करते हैं- मुझे उन लोगों के साथ बैठना हज़रत इस्माईल (अ.स) की संतान मे से चार गुलामों को आज़ाद करने से ज़्यादा पसंद है जो नमाज़ अस्र से सूरज डूबने तक अल्लाह क ज़िक्र करते हैं। (सुनन अबि दाऊद:३६६७)

१.हज़रत जुवेरिया(र.ज़) ने बताया जब रसूल अल्लाह (ﷺ) फ़ज्र की नमाज़ के बाद सुबह उन के पास से निकले वह अपनी नमाज़ की जगह पर थी चाशत के समय जब आप (ﷺ) लोटे तो देखा के वह वहीं पर बैठी थी,आप(ﷺ) ने पुछा:तुम इसी हाल मे रही जब से मैं ने तुमहें छोडा? हज़रत जुवेरिया(र.ज़) ने जवाब दिया हाँ-

© ALHUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

आप (ﷺ) ने कहा: तुम्हारे बाद मैं ने चार कलिमे तीन बार कहे-अगर वह इन कलिमात के साथ वज़न करे जो आज तुम ने अब तक कहे हैं तो वही भारी होंगे !

سُبْحَانَ اللهِ وَ بِحَمْدِهِ عَدَدَ خَلْقِهِ وَ رِضَا نَفْسِهِ وَ زِنَةَ عَرْشِهِ وَ مِدَادَ كَلِمَاتِهِ

(सही मुस्लिम:६९१३)

२(१).हज़रत उक़बा बिन अमर(र.ज़) ने यह हदीस बताई के कहा करो !

اَللّٰهُمَّ صَلِّ عَلٰى مُحَمَّدِ النَّبِيِّ الْأُمِّيِّ وَ عَلٰى آلِ مُحَمَّدٍ (सुनन अबी दाउद:९८१)

(२). हज़रत अबु दरदा(र.ज़) ने बताया के रसूल अल्लाह (ﷺ) ने कहा: जिस ने सुबह के समय और शाम के समय मुझ पर दस बार दरूद भेजा वह क़यामत के दिन मेरी शिफ़ाअत पालेगा-(सही तर्गीब तर्हीब:६५९)

३.हज़रत अबी बिन कआब(र.ज़)ने अपने बाप को कहते हुए सुना के उनके खजूरों के ढेर थे तो उन्हों ने उस मे कमी देखी-एक रात उन्हों ने चोर को पकड लिया जो जानवर के जैसा एक जवान लड़का था-उन्हों ने उसको सलाम किया तो उस ने जवाब दिया उन्हों ने कहा तुम कौन हो? जिन या इन्सान, उस ने कहा मै जिन हूँ उन्हों ने कहा अपना हाथ मेरी तरफ़ बड़ाओ तो उस ने अपना हाथ बड़ाया- उसके हाथ कुत्ते के हाथ की तरह थे उस्के बाल कुत्ते के बाल की तरह थे-उन्हों ने पूछा क्या इस तरह जिन्नों को पैदा किया जाता है?उस ने कहा मै यह जानता हूँ के जिन्नों मे मुझ से बड़ा बलवान कोई नहीं-उन्हों ने कहा तुम मेरे पास क्यों आए हो? उस ने कहा मुझे क़बर मिली है के तुम सदक़ा करना बहुत पसंद करते हो तो मैं तुमहारे खाने मे से अपना हिस्सा लेने आया हूँ-उन्हों ने कहा किया चीज़ तुम से बचा सकती है? उस ने कहा वह आयात जो सुरह बक़रा मे है

AL HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ الْحَیُّ الْقَیُّوْمُ जो कोई इसे रात को पढ़ेगा वह सुबह तक मुझ से बचा रहेगा और जो कोई इसे सुबह को पढ़ेगा वह रात तक मुझ से बचा रहेगा-फ़िर जब उन्होंने इस बात का ज़िक्र नबी (ﷺ) से किया तो आप(ﷺ) ने कहा:इस खबीस ने सच कहा है! (अल्मज्म अल्कबीर तिब्रानी,ज:१,स:२०१,हदीस:५४१)

४.हज़रत अबूहुरेरह से रिवायत है रसूल अल्लाह (ﷺ) अपने सहाबा (र.ज़) को सिखाते के जब सुबह करे तो यूँ कहे اَللّٰهُمَّ بِكَ اَصْبَحْنَا وَ بِكَ اَمْسَيْنَا وَ بِكَ نَحْيَا وَ بِكَ نَمُوْتُ وَ اِلَيْكَ الْمَصِيْرُ और जब शाम करे तो यूँ कहे اَللّٰهُمَّ بِكَ اَمْسَيْنَا وَ بِكَ اَصْبَحْنَا وَ بِكَ نَحْيَا وَ بِكَ نَمُوْتُ وَ اِلَيْكَ الْمَصِيْرُ (जाम तिर्मेज़ी :३३९१)

५. हज़रत इब्ने अब्बास (र.ज़) से रिवायत है रसूल अल्लाह (ﷺ)ने फ़रमाया: जो आदमी सुबह ये पढ़े اَللّٰهُمَّ مَا اَصْبَحَ بِیْ مِنْ نِعْمَةٍ اَوْ بِاَحَدٍ مِنْ خَلْقِكَ فَمِنْكَ وَحْدَكَ لَا شَرِيْكَ لَكَ، فَلَكَ الْحَمْدُ وَ لَكَ الشُّكْرُ तो उस्ने अपने इस दिन का धन्यवाद कर दिया (सही इब्ने हबान स:१४२,हदीस:८६१)

६.हज़रत अबदुरहमान बिन अब्ज़ा (र.ज़) अपने बाप से रिवायत करते है रसूल अल्लाह (ﷺ) जब सुबह करते और जब शाम करते तो पढ़ा करते!

اَصْبَحْنَا عَلٰى فِطْرَةِ الْاِسْلَامِ وَ عَلٰى كَلِمَةِ الْاِخْلَاصِ وَ عَلٰى دِيْنِ نَبِيِّنَا مُحَمَّدٍ وَ عَلٰى مِلَّةِ اَبِيْنَا اِبْرَاهِيْمَ حَنِيْفًا مُّسْلِمًا وَّ مَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ (मुसनद अहमद,ज:२४,स:७९,हदीस:१५३६३)

७.हज़रत अबु राशिद हब्रानी (र.ज़) से रिवायत है के मै अब्दुल्लाह बिन आस (र.ज़) के पास आया और उन से कहा मुझे कोई हदीस बताईए जो आप ने रसूल अल्लाह (ﷺ) से सुनी हो-तो उन्हों ने मेरी तरफ़ एक लिखा हुआ कागज़ डाला और कहा के रसूल अल्लाह (ﷺ) ने मुझे यह लिख्वाया था- मै ने देखा उस मे लिखा था के अबु बकर(र.ज़) ने कहा अए अल्लाह के रसूल (ﷺ) मुझे कुछ सिखाईए जो

© AHUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

मै कहा करूँ जब सुबह करूँ और शाम करूँ-आप(ﷺ) ने कहा :अए अबु बकर(र.ज़) कहो

اَللّٰهُمَّ فَاطِرِ السَّمٰوٰتِ وَ الْاَرْضِ، عَالِمِ الْغَيْبِ وَ الشَّهَادَةِ ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ رَبَّ كُلِّ شَيْءٍ وَ مَلِيْكَهُ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ شَرِّ نَفْسِيْ وَ مِنْ شَرِّ الشَّيْطَانِ وَ اَنْ اَقْتَرِفَ وَ عَلٰى نَفْسِيْ سُوْءً اَوْ اَجُرَّهُ اِلٰى مُسْلِمٍ

(जाम तिर्मेज़ी :३५२९)

८.हज़रत अनस (र.ज़) ने बताया के रसूल अल्लाह (ﷺ) ने कहा: जो आदमी सुबह के समय कह ले اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَصْبَحْتُ اُشْهِدُ حَمَلَةَ عَرْشِكَ وَ مَلٰئِكَتِكَ وَ جَمِيْعَ خَلْقِكَ اَنَّكَ اَنْتَ اللهُ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ وَحْدَكَ لَا شَرِيْكَ لَكَ وَ اَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُكَ وَ رَسُوْلُكَ तो वह उस दिन मे जो पाप भी करेगा अल्लाह तआला उसे क्षमा करदेगा-अगर शाम को केहले तो रात मे जो पाप उस से हों क्षमा करदेगा । (सुनन अबीदाउद:५०७८)

९.हज़रत अबु मालिक अशारी (र.ज़) से रिवायत है के निसंदेह रसूल अल्लाह (ﷺ) ने कहा: जब तुम मे से कोई सुबह करे तो कहे

اَصْبَحْنَا وَ اَصْبَحَ الْمُلْكُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ، اَللّٰهُمَّ اِنِّيْ اَسْاَلُكَ خَيْرَ هٰذَا الْيَوْمِ فَتْحَهُ وَ نَصْرَهُ وَ نُوْرَهُ وَ بَرَكَتَهُ وَ هُدَاهُ وَ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا فِيْهِ وَ شَرِّ مَا قَبْلَهُ وَ شَرِّ مَا بَعْدَهُ

फ़िर जब शाम करे तो इसी तरह कहे (सही अल जमे अस्सगीर):३५२

१०.हज़रत अब्द अल्लह (र.ज़) से रिवायत है रसूल अल्लाह (ﷺ) शाम करते तो कहते: اَمْسَيْنَا وَ اَمْسَى الْمُلْكُ لِلّٰهِ وَ الْحَمْدُ لِلّٰهِ لَا اِلٰهَ اِلَّا اللهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيْكَ لَهُ

अब्दअल्लाह (र.ज़) कहते हैं मेरा ख्याल है आप (ﷺ) ने इन के साथ यह भी कहा: خَيْرُ مَا فِيْ هٰذِهِ اللَّيْلَةِ وَ خَيْرَ مَا بَعْدَهَا وَ اَعُوْذُ بِكَ لَهُ الْمُلْكُ وَ لَهُ الْحَمْدُ وَ هُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ، رَبِّ اَسْاَلُكَ مِنْ شَرِّ مَا فِيْ هٰذِهِ اللَّيْلَةِ وَ شَرِّ مَا بَعْدَهَا، رَبِّ اَعُوْذُ بِكَ مِنَ الْكَسَلِ وَ سُوْءِ الْكِبَرِ، رَبِّ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ عَذَابٍ فِي النَّارِ وَ عَذَابٍ فِي الْقَبْرِ और जब सुबह करते तो इस तरह कहते-(सही मुस्लिम:६९१३)

© ALHUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

११.नबी (ﷺ) के नौकर हज़रत अबु सलाम(र.ज़) से रिवायत है रसूल अल्लाह (ﷺ) ने फ़रमाया: जो मुसल्मान शाम के समय और सुबह के समय युँ कहता है رَضِيْتُ بِاللهِ رَبًّا وَّ بِالْاِسْلَامِ دِيْنًا وَّ بِمُحَمَّدٍ نَبِيًّا तो अल्लाह तआला क़यामत के दिन उस से अनिवार्य तरीक़े से राज़ी करेगा! (सुन्न इब्ने मझा:३८७०)

१२.हज़्रत हज़रत अबुहुरेरह(र.ज़) से रिवायत है के एक आदमी रसूल अल्लाह (ﷺ) के पास आया और कहा या रसूल अल्लाह (ﷺ) मुझे बड़ी पीड़ा पहुँची है इस बिच्छु से जिस ने कल रात मुझे काटा-आप (ﷺ) ने फ़रमाया अगर तु शाम को यह केहलेता اَعُوْذُ بِكَلِمَاتِ اللهِ التَّامَّاتِ مِنْ شَرِّ مَا خَلَقَ तो वह तुझे पीड़ा ना देता -(सही मुस्लिम:६८८०)

१३.हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान (र.ज़) कहते हैं मैं ने रसूल अल्लाह (ﷺ) से सुना आप फ़रमाते थे:जिस ने (शाम को)

بِسْمِ اللهِ الَّذِىْ لَا يَضُرُ مَعَ اسْمِهٖ شَىْءٌ فِى الْاَرْضِ وَ لَا فِى السَّمَآءِ وَ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ तीन बार पढ़ली उसे सुबह तक कोई अचानक मुसीबत नहीं आएगी और जिस ने(सुबह को) तीन बार पढ़ली उसे शाम तक कोई अचानक मुसीबत नहीं आएगी-रावी कहते है इस हदीस को बताने वाले अबान बिनउस्मान(र.ज़) को फ़ालिज होगया तो इन से हदीस सुन्ने वला उन को आशच्र्य से देखने लगा(फ़िर यह फ़ालिज/अर्धांग कैसे होगया?) उन्होंने कहा: क्या हुआ मुझे क्या देखते हो? अल्लाह की कस्म मै ने हज़रत उस्मान(र.ज़) पर झूट नही बोला है और ना उस्मान (र.ज़) ने रसूल अल्लाह(ﷺ) पर झूट बोला लैकिन जीस दिन मुझे यह फ़ालिज हुआ मै उस दिन गुस्से मे था और यह दुआ पढ़ना भूल गया।(सुनन अबी दाउद ५०८८)

© AL HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

१४.१५. हज़रत अब्दुर्राहमान बिन अबि बक्रह (र.ज़) से रिवायत है मै ने अपने पिताजी से कहा:पिताजी मै ने आप को हर शाम ये प्रार्थना माँगते सुनता हूँ

اَللّٰهُمَّ عَافِنِیْ فِیْ بَدَنِیْ، اَللّٰهُمَّ عَافِنِیْ فِیْ سَمْعِیْ، اَللّٰهُمَّ عَافِنِیْ فِیْ بَصَرِیْ لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ

आप इस को तीन बार सुबह को पढ़ते हैं और तीन बार शाम को तो बोले:निसंदेह मै ने नबी(ﷺ) को यह प्रार्थना माँगते सुना है बस मै सुन्नत पर अमल करने से मुहब्बत करता हूँ।अब्बास बिन अब्दुल अज़ीम (सनद के एक रावी) अधिक फ़रमाया और तुम कहो اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُ بِكَ مِنَ الْكُفْرِ وَ الْفَقْرِ، اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ عَذَابِ الْقَبْرِ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَतीन बार जब सुबह करो और शाम करो बस मै ने सुन्नत पर अमल करने से मुहब्बत करता हूँ। (सुनन अबी दाउद ५०९०)

१६.हज़रत अन्स बिन मालिक(र.ज़)रिवायत हैं रसूल अल्लाह (ﷺ)हज़रत फ़ातिमा(र.ज़) को नसिहत की के तुम हर सुबह शाम को यह पढा करो: یَاحَیُّ یَاقَیُّوْمُ بِرَحْمَتِكَ اَسْتَغِیْثُ اَصْلِحْ لِیْ شَأْنِیْ كُلَّهُ وَ لَا تَكِلْنِیْ اِلٰی نَفْسِیْ طَرْفَةَ عَیْنٍ(अल मुस्तदर्क लिल हाकिम,ज:१,स:५४५)

१७.हज़रत हसन (र.ज़ी) रिवायत हैं के हज़रत समह बिन जन्दब (र.ज़) ने कहा :क्या मै तुम्हें वह बात ना बताऊँ जो मै ने रसूल अल्लाह (ﷺ) और हज़रत अबु बक्र (र.ज़) और हज़रत उमर (र.ज़) से कई बार सुनी-मै ने कहा :क्यों नहीं-कहा जो सुबह और शाम ये कहे! اَللّٰهُمَّ اَنْتَ خَلَقْتَنِیْ وَ اَنْتَ تَهْدِیْنِیْ وَ اَنْتَ تُطْعِمُنِیْ وَ اَنْتَ تَسْقِیْنِیْ وَ اَنْتَ تُحْیِیْنِیْवह अल्लाह से कोई सवाल ना करेगा मगर वह उसे ज़रूर देगा।वह अब्दुल्लाह बिन सलाम से मिले और उन से कहा:क्या मै तुम्हें वह बात ना बताऊँ जो मै ने रसूल अल्लाह (ﷺ) और हज़रत अबु बक्र(र.ज़)और हज़रत उमर (र.ज़) से कई बार सुनी-मै ने कहा :कयों नहीं-तो मै ने उनहें यह हदीस बताई-उन्हों ने कहा मेरे माँ

© AHUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

और बाप आप पर कुरबान अल्लाह ने यह कलिमात मूसा (अ.स) को दिये थे और वह उन के साथ दिन मे सात बार प्रार्थना करते थे और वह अल्लाह से कोई सवाल ना करते मगर यह के अल्लाह उन्हें ज़रूर देते!(अल माज्मल ओसतल तिबरानी,ज:२,स:२०,हदीस:१०३२)

१८.हज़रत शद्द बिन अओस(र.ज़) से रिवायत हैं के रसूल अल्लाह(ﷺ) ने फ़रमाया:सब से बेहतारीन इस्तिग्फ़ार यह है اَللّٰهُمَّ اَنْتَ رَبِّیْ، لَا اِلٰهَ اِلَّا اَنْتَ خَلَقْتَنِیْ وَ اَنَا عَبْدُكَ وَ اَنَا عَلٰی عَهْدِكَ وَ وَعْدِكَ مَا اسْتَطَعْتُ اَعُوْذُ بِكَ مِنْ شَرِّ مَا صَنَعْتُ اَبُوْءُ لَكَ بِنِعْمَتِكَ عَلَیَّ وَ اَبُوْءُ بِذَنْبِیْ فَاغْفِرْلِیْ فَاِنَّهٗ لَا یَغْفِرُ الذُّنُوْبَ اِلَّا اَنْتَ जिस ने इस प्रार्थना की बात पर विश्वास रखते हुए सुबह इन को केह लिया और उसी दिन शाम होने से पहले मर गया तो वह जन्नत वालों में से है और जिस ने इस प्रार्थना की बात पर विश्वास रखते हुए रात को इन को पढ़ लिया और फ़िर उस का सुबह होने से पहले मर गया तो वह जन्नत वालों में से है। (सहीह बु.खारी:६३०६)

१९. हज़रत अब्दुल्लाह बिनु उमर (र.ज़) से रिवायत हैं के रसूल(ﷺ) सुबह शाम यह प्राथनाएँ पढ़ना कभी नहीं छोढते ! اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْاَلُكَ الْعَافِیَةَ فِی الدُّنْیَا وَ الْآخِرَةِ، اَللّٰهُمَّ اِنِّیْ اَسْاَلُكَ الْعَفْوَ وَ الْعَافِیَةَ فِیْ دِیْنِیْ وَ دُنْیَایَ وَ اَهْلِیْ وَ مَالِیْ، اَللّٰهُمَّ اسْتُرْعَوْرَاتِیْ وَ آمِنْ رَّوْعَاتِیْ، اَللّٰهُمَّ احْفَظْنِیْ مِنْ بَیْنَ یَدَیَّ وَ مِنْ خَلْفِیْ وَ عَنْ یَمِیْنِیْ وَ عَنْ شِمَالِیْ وَ مِنْ فَوْقِیْ وَاَعُوْذُ بِعَظَمَتِكَ اَنْ اُغْتَالَ مِنْ تَحْتِیْ (सुनन अबी दाउद ५०७४)

२०.२१.२२.हज़रत माज़ बिन अब्द अल्लाह बिन खबीब (र.ज़) अपने पिता से रिवायत हैं के हम एक बारिश वाली बहुत अँधेरी रात मे निकले जब हम रसूल अल्लाह (ﷺ) को ढूँढ रहे थे के वह हमें नमाज़ पढ़ाऐं ।जब वह हमें मिलें तो आप (ﷺ) ने कहा:"कहो" मै कुछ ना बोला आप (ﷺ) ने फ़िर कहा:"कहो" तो भी मैं कुछ ना बोला आप (ﷺ) ने फ़िर कहा:"कहो" तो मैं ने पुछा-अए अल्लाह के रसूल (ﷺ)!

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

मैं कया कहूँ? आप(ﷺ) قُلْ هُوَ اللّٰهُ اَحَدٌ ۚ اَللّٰهُ الصَّمَدُ ۚ لَمْ يَلِدْ ۙ وَ لَمْ يُوْلَدْ ۚ وَ لَمْ يَكُنْ لَّهٗ كُفُوًا اَحَدٌ और मुवज़्ज़ततैन यानि قُلْ اَعُوْذُ بِرَبِّ الْفَلَقِ ۙ مِنْ شَرِّ مَا خَلَقَ ۙ وَ شَرِّ غَاسِقٍ اِذَا وَقَبَ ۙ وَ قُلْ اَعُوْذُ بِرَبِّ النَّاسِ ۙ مَلِكِ النَّاسِ ۙ اِلٰهِ النَّاسِ ۙ مِنْ شَرِّ النَّفّٰثٰتِ فِى الْعُقَدِ ۙ وَ مِنْ شَرِّ حَاسِدٍ اِذَا حَسَدَ ۙ और مِنْ شَرِّ الْوَسْوَاسِ ۙ الْخَنَّاسِ ۙ الَّذِىْ يُوَسْوِسُ فِىْ صُدُوْرِ النَّاسِ ۙ مِنَ الْجِنَّةِ وَ النَّاسِ ۙ सुबह और शाम तीन तीन बार कहो तो यह हर चीज़ से तुमहारी हिफ़ाज़त करेंगी ।
(सुनन अबी दाउद ५०८२)

२३. हज़रत अबुदर्दा (र.ज़) ने फ़रमाया जिस ने सुबह और शाम के समय सात बार حَسْبِيَ اللّٰهُ، لَا اِلٰهَ اِلَّا هُوَ، عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَ هُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ अल्लाह तआला उस की परेशानियों मे उस की मदद करेगा चाहे इस ने सच्चे दिल से यह क्ल्मा कहा हो या झूटे दिल से। (सुनन अबी दाउद ५०८१)

२४. हज़रत अबु अयाश (र.ज़) से रिवायत हैं के रसूल अल्लाह (ﷺ) ने फ़रमाया:जो आदमी सुबह के समय यह केहले तो उसे औलादे इस्माईल मे से एक गुलाम आज़ाद करने का पुण्य/सवाब होगा और उस के लिए दस नेकियां लिखी जाएगी उस से दस गलतियाँ मिटाई जाएगी दस दरजात ऊँचे होंगे और शाम तक शैतान से हिफ़ाज़त मे रहेगा और अगर शाम केहले तो सुबह तक के लिए यही कुछ होगा। لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ، لَهُ الْمُلْكُ وَ لَهُ الْحَمْدُ وَ هُوَ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ।
(सुनन अबी दाउद :५०७७)

२५. हज़रत अबु हुरेरह (र.ज़) से रिवायत हैं के रसूल अल्लाह (ﷺ) ने फ़रमाया:जो आदमी सुबह और शाम के समय यह कलमा कहे तो क़यामत के दिन उस से अच्छा अमल कोई ना लाएगा मगर वह आदमी जिस ने इस जैसे कलिमात कहे या उस से ज़्यादा कहे سُبْحَانَ اللّٰهِ وَ بِحَمْدِهٖ (सहीमुस्लिम:६८४३)

© AL-HUDA INTERNATIONAL WELFARE FOUNDATION

सुरक्षा/हिफ़ाज़त कि प्राथनाऐं : तऊज़्ज़ात

१.जामि तारमज़ी :३५९१	८.सही मुस्लिम:६९०६
२.सही मुस्लिम : ६८९८	९. सुनन अबिदाऊद:१५४७
३.सुनन अबिदाऊद:१५५४	१०.सही मुस्लिम: ६८७३
४.सहि अलबुखारी:६३४७	११.अल्मुअज्जिम अल्कबीरुल् तिब्रानि'ज:१७,हदीस:८१०
५.सुनन अबिदाऊद: १५४४	१२.सही इब्न हब्बान,ज:३.हदीस:१०११
६.सही मुस्लिम: ६९४३	१३.सुनन निसाई:५५३३
७ .सुनन अबिदाऊद: १५५१	१४.अल्मुस्तदरिक लिल्हाकिम,ज:१,स:५३०

रात भर हिफ़ाज़त के लिए

